**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 15-05-2026**

**बोकारो(झारखण्ड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-05-15 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2026-05-16 | 2026-05-17 | 2026-05-18 | 2026-05-19 | 2026-05-20 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 3.0 | 3.0 | 3.0 | 4.0 | 4.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 37.0 | 35.0 | 37.0 | 38.0 | 38.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 24.0 | 25.0 | 25.0 | 26.0 | 25.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 66 | 61 | 61 | 67 | 78 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 18 | 18 | 12 | 14 | 25 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 10 | 12 | 12 | 10 | 6 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 200 | 212 | 203 | 219 | 190 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 3 | 4 | 2 | 1 | 0 |
| चेतावनी | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ |

## पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में हल्के बादल छाए रहेंगे और हल्की वर्षा की संभावना है। तापमान में भी बढ़ोतरी की संभावना है तथा हवा की गति सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

## मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

गरज-चमक के साथ तूफ़ान और बिजली गिरना, तेज़ हवाएँ आदि; ज़मीन पर तेज़ हवाएँ

## मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

फसलों का गिरना, फलों का टूटना

## सामान्य सलाहकार:

| |
|---|
| आने वाले दिनों मे वर्षा की संभावना को देखते हुए किसान भाई खड़ी सब्जियों की फसलों से जल निकासी की उचित व्यवस्था कर लें तथा वर्षा के पश्चात मिट्टी में नमी को संरक्षित करने हेतु स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खर-पतवार, फसल अवशेष या पौलीथीन शीट का प्रयोग करें, क्योंकि तापमान बढ़ने की संभावना है , साथ ही साथ इस नमी का उपयोग नए फसल लेने हेतु भी कर सकते हैं। धान की फसल मे जल जमाव बनाए रखें इसके लिए मेड़ों को तंदुरुस्त रखें। आम, अमरुद, लीची, के नए बगीचे हेतु समतल जमीन पर वर्गाकार या आयताकार गड्ढा कलमी आम के लिए 8 मी. x 8 मी. या 10 मी. x10 मी., आम्रपाली के लिए 5 मी. x 5 मी., तथा लीची के लिए 8 मी x 8 मी. की दूरी पर पौधे की रोपाई करें। |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| जिन किसान भाइयों को पपीता का पौधा तैयार करना हो, वे इस समय पोलीथीन के थैले में मिट्टी तथा गोबर की सड़ी खाद मिलाकर भर दें तथा बीज डालने के बाद आवश्यकतानुसार सिंचाई करते रहें। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मक्का | अगर तना छेदक कीट के प्रकोप दिखाई दे तो बचाव हेतु किसान भाई फिप्रोनिल 0.3 जी या कारटॉप हाइड्रोक्लोरीड 4 जी का भुरकाव ऊपरी चक्र पर करें। |
| चावल | फसल में बाली निकलने की अवस्था में गंधी बग कीट के आक्रमण की संभावना रहती है। कीटों के हमले को नियंत्रित करने के लिए, किसानों को शाम के समय मैलाथियान 50 ईसी @ 500 मिली / हेक्टेयर का छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मिर्च | मिर्च के फसलों में पत्ती मोड़क विषाणु (पत्तियां सिकुड़ कर ऊपर/नीचे मुड़ जाती हैं, पीले पड़ जाते हैं) के प्रकोप दिख रहें है जो सफेद मक्खी द्वारा फैलने वाला एक गंभीर रोग है। इसके नियंत्रण के लिए नीम तेल 5 मि. ली. प्रति लीटर पानी और खेतों में पीले चिपचिपे जाल का प्रयोग करें, प्रकोप अत्यधिक होने पर इमिडाक्लोप्रिड दवा 17.8 एस.एल. का छिड़काव 0.5 मि. ली. प्रति लीटर पानी के साथ छिड़काव करें। |
| भिण्डी | भिंडी की ग्रीष्मकालीन बुआई के 30 दिन बाद शेष 50 किग्रा यूरिया को दो बराबर मात्रा में बांटकर मिट्टी में अच्छी तरह मिला दें। 50 किग्रा में से 25 किग्रा यूरिया मिट्टी में तथा शेष 25 किग्रा यूरिया प्रति एकड़ फूल आने से पहले दें। |
| सेम की फली | लत्तीदार फ्रेंच बीन्स फसल लेने इच्छुक किसान भाई उन्नत किस्में जैसे केंटकी वडर, स्वर्ण लता का चुनाव करें। बीज दर 10 से 12 किलोग्राम प्रति एकदम ले। कतार से कतार की दुरी 75 सेंटीमीटर तथा पौध से पौध की दुरी 15 सेंटीमीटर रखें। |

## मछली पालन विशिष्ट सलाह:

| मछली पालन | मछली पालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| आम सीएआर पी | गर्मी में तापमान बढने, बादल घिरे रहने एवं जल स्तर का नीचे गिरने से तालाब में आक्सीजन की कमी होने की सम्भावना को कम करने के लिए पम्प द्वारा जल को खिंच कर तालाब में पुन: डालें। बांस द्वारा जल को पीटे। ऐसा करने से वायुमंडलीय आक्सीजन की मात्रा जल में घुलकर बढ़ जाती है। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सामान्य सलाह | वर्षा के पानी को जमा करने के जलए अपने खेत के ढलान के निचले भाग में 10’ x 10’ x 10’ आकार का गड्ढा (डोभा) बना लें, जिससे संग्रहीत पानी का उपयोग फसल में आवश्यकतानुसार जीवन रक्षक सिचाई के रूप में किया जा सके |

| **अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)** | **अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह** |
| --- | --- |
| कृषि क्षेत्र | बंजर भूमि को उपयोगी बनाने के लिए फल वृक्ष या दरख्त वाले पेड़ को लगाना चाहिए। जो किसान इस वर्ष (बरसात में) फल या लकड़ी के पौधे लगाना चाहते हैं, वे जगह का चुनाव कर वृक्ष के अनुसार दूरी को ध्यान में रखते हुए गड्ढा खोद कर छोड़ दें । |
| कृषि क्षेत्र | कद्दूवर्गीय फसल लगाने हेतु इच्छुक किसान भाई कद्दू के लिए पूसा नवीन एवं अर्का बहार; करेला के लिए पूसा दो मौसमी, आरका हरित; झींगी के लिए पूसा नासदार, सतपुतिया, स्वर्ण उपहार; नेनुआ के लिए चिकनी, लूंग ग्रीन, लॉन्ग वाइट जैसे उन्नत किस्मों का चुनाव करें। कद्दू के लिए 2.5 से 3.0 मीटर, करेला के लिए 1.25 से 1.5 मीटर झींगी के लिए 1.5 से 2.0 की मीटर, नेनुआ के लिए 2.0 से 2.5 मीटर की दुरी रखें। |

## मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

| |
| --- |
| किसान भाई गरज चमक के समय कोई सुरक्षित जगह में रहे, फसलों का गिरना, फलों का टूटना |

## प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

| |
| --- |
| फसलों, विशेष रूप से सब्जियों को सहारा दें और सिंचाई तथा उर्वरकों व कीटनाशकों का छिड़काव रोक दें। |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**